सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

कार्य परिषद् की बैठक

दिनांक - 04.12.2019
समय अपराह्ण - 12:30 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

उपस्थिति

1- प्रो॰ राजाराम शुक्ल, कुलपति- अध्यक्ष

2-	प्रो॰ शशिरानी मिश्रा	**3-**	प्रो॰ रमेश प्रसाद
4-	प्रो॰ राजनाथ	**5-**	प्रो॰ जितेन्द्र कुमार
6-	डा॰ विजय कुमार पाण्डेय	**7-**	डा॰ रविशंकर पाण्डेय
8-	डा॰ शीला सिंह	**9-**	प्रो॰ हरिप्रसाद अधिकारी
10-	डा॰ विद्या कुमारी चन्द्रा	**11-**	वित्ताधिकारी
12-	कुलसचिव - सचिव		

मंगलाचरण- प्रो॰ हरिप्रसाद अधिकारी

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए कार्यपरिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

कार्यक्रम - 37वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर मानद उपाधि एवं स्नातकों को उपाधि तथा पदक प्रदान करने की संस्तुति पर विचार।

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने परिषद् को सहर्ष अवगत कराया कि विगत कई वर्षो के पश्चात् माननीय कुलाधिपति महोदया ने इस वर्ष 37वे दीक्षांत समारोह के अवसर पर अनुमति प्रदान करते हुए प्रख्यात विद्वान एवं सन्त **स्वामी गुरूशरणानन्द जी महाराज,** रमणरेती, वृन्दावन मथूरा को **''महामहोपाध्याय''** की मानद उपाधि प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की है, साथ ही संस्कृत जगत के प्रकाण्ड विद्वान **पद्मश्री डा॰ चमू कृष्ण शास्त्री,** तन्जाबूर-तमिलनाडू को **''वाचस्पति'' (D.Litt.)** की मानद उपाधि प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की।

कुलपति महोदय के उपर्युक्त सूचना से अवगत होते हुए, कार्यपरिषद् ने उपर्युक्त सम्मानित विद्वानों को ''मानद उपाधि'' प्रदान करने की अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

तत्पश्चात् कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 30.11.2019 की संस्तुति के सातत्य में 37वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर सत्र 2018-2019 में उत्तीर्ण स्नातकों (स्नातक/स्नातकोत्तर) को उपाधि पत्र प्रदान किया जायेगा। अद्यतन उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या निम्न है, जिसमें कुछ परिवर्तन भी हो सकता है-

विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षान्त महोत्सव में उपाधि प्रदान किये जाने वाले छात्रों की कक्षावार संख्या		
1- उपाधि		
क्रम सं॰	**पाठ्यक्रम नाम**	**संख्या**
क.	शास्त्री	13,939
ख.	आचार्य	7,191
ग.	शिक्षाशास्त्री	270
ङ.	पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान स्ना॰ डिप्लोमा	24
च.	ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान शास्त्री	32
छ.	पत्रकारिता एवं जनसंचार विज्ञान स्नातकोत्तर	51
ज.	संस्कृत प्रमाण पत्रीय	01
झ.	विद्यावरिधि	26
योग		**21,534**
2- प्रमाणपत्र		
क.	प्रथमा	81
ख.	पूर्व मध्यमा	653
ग.	उत्तर मध्यमा	458
योग		**1192**
सम्पूर्ण योग		**22,726**

साथ ही परिषद् को यह भी सूचित किया गया कि दीक्षान्त महोत्सव के अवसर पर कुल 57 पदक 33 मेधावीं छात्रो को प्रदान किए जाएगे।

कार्यपरिषद् को यह भी सूचित किया गया कि विद्या परिषद् ने अपनी बैठक दिनांक 04.12.2019 में ''मानद उपाधि'' एवं सत्र 2018-19 में उत्तीर्ण स्नातकों को उपाधि तथा मेधावी 33 छात्रों को 57 पदक प्रदान करने की संस्तुति प्रदान की है।

विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 04.12.2019 की संस्तुति पर स्वीकृति प्रदान करते हुए सम्मानित विद्वानो को ''मानद उपाधि'' एवं सत्र 2018-19 में उत्तीर्ण स्तातको को उपाधि पत्र एवं 33 मेधावी छात्रों को 57 पदक प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की।

अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा विसर्जन करने की घोषणा की।

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि.,वाराणसी